एडल्ट प्रोटेक्टिव सर्विसिस (वयस्कों के लिए संरक्षणात्मक सेवाएं) (APS) जाँचें तथ्य पत्रिका

Adult Protective Services (APS) Investigations Fact Sheet

एडल्ट प्रोटेक्टिव सर्विसिस (वयस्कों के लिए संरक्षणात्मक सेवाएं) (APS) एक ऐसी रिपोर्ट की जाँच कर रहा है कि संभवतः आप ने किसी कमज़ोर वयस्क से दुर्व्यवहार किया है, उन्हें छोड़ दिया है, उनका वित्तीय शोषण किया है या उनके साथ लापरवाही बरती है। यह दस्तावेज़ आपको जाँच प्रक्रिया, आपके अधिकारों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में सूचित करता है। जाँच के हिस्से के रूप में APS रिकॉर्ड की समीक्षा करेगा और आरोप (आरोपों) के बारे में लोगों से पूछताछ करेगा।

जाँच के परिणाम के आपके लिए गंभीर
परिणाम हो सकते हैं। कृपया इसे ध्यान से पढ़ें।

आपके केस पर नियुक्त जाँचकर्ता है:
उन से यहाँ संपर्क किया जा सकता है:

मुझे कौनसे अधिकार प्राप्त हैं?

- आपको किसी तीसरे पक्ष (जैसे किसी दोस्त, वकील, यूनियन प्रतिनिधि, परिवार के सदस्य या अभिभावक) को अपने इंटरव्यू के दौरान अपने साथ रखने का अधिकार है।
- अगर अंग्रेज़ी आपकी मुख्य भाषा नहीं है, तो आपको एक निःशुल्क दुभाषिया पाने का अधिकार है (APS को परिवार के सदस्यों को दुभाषिये के रूप में इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं है)।
- आपको इंटरव्यू में हिस्सा न लेने, उसे रोक देने या उसका समय बदलने का अधिकार है।
- आपको APS को आरोपों से जुड़े दस्तावेज़ या गवाह प्रदान करने का अधिकार है।

APS जाँच के परिणाम के बारे में मुझे सूचित कैसे करेगा?

- APS जाँच के दौरान APS द्वारा एकत्रित साक्ष्यों के आधार पर निर्णय लेता है। APS इस तरह के निर्णय लेता है:
  - **पुष्टि किया गया:** इस बात की काफी हद तक संभावना है कि जिसका आरोप लगाया गया है वह घटना हुई है
  - **पुष्टि न किया गया:** इस बात की काफी हद तक संभावना है कि जिसका आरोप लगाया गया है वह घटना नहीं हुई है
  - **अनिर्णीत:** यह निर्धारण नहीं किया जा सकता है कि जिसका आरोप लगाया गया है वह घटना हुई है या नहीं।
- अगर APS को पता चले कि इस बात की काफी हद तक संभावना है कि जिसका आरोप लगाया गया है वह घटना हुई है, तो APS सर्टीफ़ाइड और सामान्य डाक के द्वारा पत्र भेजकर आपको सूचित करेगा।
- अगर APS को पता चले कि इस बात की काफी हद तक संभावना है कि जिसका आरोप लगाया गया है वह घटना नहीं हुई है, तो APS आपको मौखिक रूप से सूचित करेगा। अगर आप माँगें तो APS एक पत्र प्रदान कर सकता है।
- अगर APS यह निर्धारण न कर पाए कि घटना हुई थी या नहीं, तो APS आपको मौखिक रूप से सूचित करेगा। अगर आप माँगें तो APS एक पत्र प्रदान कर सकता है।
- अगर APS के पास आपका वर्तमान पता न हो, तो वे पत्र को गलत पते पर भेज देंगे और हो सकता है कि आप महत्वपूर्ण अंतिम तिथियाँ चूक जाएं।

पुष्टि किया गया निष्कर्ष का क्या मतलब है?

अगर APS यह निर्णय ले कि दुर्व्यवहार, लापरवाही, छोड़ देने या आर्थिक शोषण के आरोप "पुष्टि किए गए" हैं, तो अगर आप निष्कर्ष से असहमत हों तो आप एक सुनवाई की माँग कर सकते हैं। अगर APS का निर्णय सुनवाई की प्रक्रिया के अंत में समर्थित किया जाता है, तो आपके नाम को एक रजिस्ट्री में रखा जाएगा।

रजिस्ट्री में होने का मतलब है कि आप ऐसे किसी स्थान पर काम या स्वयंसेवा नहीं कर पाएंगे जहाँ आपका कमज़ोर वयस्कों या बच्चों के साथ बिना देखरेख का संपर्क होने की संभावना हो। इस वक्त इस रजिस्ट्री से अपना नाम हटवाने का कोई तरीका नहीं है।

क्या मैं APS के निर्णय को चुनौती दे सकता/सकती हूँ?

- अगर APS निर्णय ले कि आरोप लगाई गई घटना **पुष्टि न की गई** या **अनिर्णीत** है, तो आपको कुछ करने की ज़रूरत नहीं है।
- अगर APS तय करे कि आरोप लगाई घटना **पुष्टि की गई** है और आप सहमत न हों, तो आप एक सुनवाई की माँग कर सकते हैं। APS का पत्र आपको बताएगा कि यह कैसे करें।

सुनवाई की माँग करने के लिए आपके पास डिपार्टमेन्ट का नोटिस का पत्र आपको डाक द्वारा भेजा गया हो या व्यक्तिगत रूप से सौंपा गया हो उस तिथि के बाद के 30वें कैलेन्डर दिन को शाम 5:00 बजे तक का ही वक्त होता है, दोनों में से जो भी पहले हो।

अधिक जानकारी के लिए

आप APS के बारे में अधिक जानकारी ऑनलाइन यहाँ पा सकते हैं https://www.dshs.wa.gov/altsa/adult-protective-services-aps.